# लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

## दिनांक 11 अगस्त, 2017 की सम्पन्न हुई कार्य परिषद की कार्यवाही का कार्यवृत्त

उपस्थिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. प्रो0 उपेन्द्र नाथ द्विवेदी, प्रतिकुलपति | – | सदस्य |
| 3. प्रो0 कीर्ति सिंन्हा | – | सदस्य |
| 4. प्रो0 राकेश कुमार सिंह | – | सदस्य |
| 5. प्रो0 नन्दलाल भारती | – | सदस्य |
| 6. प्रो0 कविराज | – | सदस्य |
| 7. प्रो0 राजा राम यादव | – | सदस्य |
| 8. प्रो0 बालक दास | – | सदस्य |
| 9. प्रो0 प्रेम चन्द्र मिश्रा | – | सदस्य |
| 10. प्रो0 वाई0के0 शर्मा | – | सदस्य |
| 11. डॉ0 चन्द्र प्रकाश सिंह | – | सदस्य |
| 12. डॉ0 शरद कुमार | – | सदस्य |
| 13. डॉ0 अर्पणा गोडबोले | – | सदस्य |
| 14. डॉ0 अवधेश कुमार | – | सदस्य |
| 15. प्रो0 सुनील दत्त शर्मा | – | सदस्य |
| 16. प्रो0 आभा अवस्थी | – | सदस्य |
| 17. डॉ0 श्याम बाबू गुप्ता | – | सदस्य |
| 18. प्रो0 राज कुमार सिंह, कुलसचिव | – | सचिव |

सर्वप्रथम मा0 कुलपति महोदय ने सभी मा0 सदस्यों का स्वागत किया तथा लखनऊ विश्वविद्यालय में नवनिर्मित सेण्ट्रल मेस के उद्घाटन के अवसर पर दिनांक 14.08.2017 को सभी मा0 सदस्यों से प्रातः 10:00 उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया तथा यह भी अवगत कराया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के वर्ष 2017 के दीक्षान्त समारोह हेतु मा0 कुलाधिपति महोदय द्वारा दिनांक 08.12.2017 की तिथि निर्धारित की गयी है साथ ही समस्त मा0 सदस्यों को यह भी अवगत कराया गया कि इन्जीनियरिंग संकाय में शिक्षकों के चयन सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा प्रवेशित छात्रों की कक्षायें दिनांक 16.08.2017 से प्रारम्भ की जायेंगी, लखनऊ विश्वविद्यालय के इन्जीनियरिंग संकाय हेतु 37 छात्राओं एवं 165 छात्रों हेतु छात्रावास की व्यवस्था भी की गयी है। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गयी। बैठक आरम्भ होने से पूर्व कार्य परिषद सदस्य डा0 श्याम बाबू गुप्ता एवं प्रो0 बालक दास द्वारा बैठक की कार्यसूची तत्समय प्रस्तुत किये जाने हेतु आपत्ति दर्ज करायी। सचिव/कुलसचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अपरिहार्य कारणों से सम्पूर्ण कार्य सूची समय से प्रेषित नही की जा सकी जिसके लिए खेद है। कार्यालय को समय से कार्य सूची प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।



Scanned by CamScanner

कार्यसूची 4/2017

मद संख्या 01 – परिषद द्वारा कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 19.06.2017 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गयी।

मद संख्या 02 – कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 19.06.2017 की कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई।

मद संख्या 03 – दिनांक 11.08.2017 को सम्पन्न विद्या परिषद की आकस्मिक बैठक के कार्यवृत्त को सचिव कार्य परिषद द्वारा सदन के समक्ष पढ़कर सुनाया गया जिस पर चर्चा के उपरान्त समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 04 – अध्यक्ष द्वारा डॉ0 नीरज कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक,व्यापार प्रशासन विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में पूर्व में कार्य परिषद द्वारा समय–समय पर लिये गये निर्णय का संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत किया गया। सचिव, कार्य परिषद ने प्रकरण की विस्तृत व्याख्या उनके द्वारा योजित रिट याचिकाओं के विवरण सहित मा0 सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की। जिस पर सम्यक विचारोपरान्त मा0 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मा0 कुलाधिपति महोदय के पत्र के आलोक में एक माह की समयावधि के अन्दर विधिक राय लेकर डा0 नीरज कुमार के प्रकरण को निस्तारित कर दिया जाय।

मद संख्या 05– परिषद द्वारा महामहिम कुलाधिपति राजभवन लखनऊ के आदेश संख्या ई0–5698/जी0एस0 दिनांक 30.07.2017 के आलोक में तत्कालीन विभागाध्यक्ष व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एंव वर्तमान कुलपति छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर प्रो0 जे0वी0वैशम्पायन एंव प्रो0 आर0 के0 माहेश्वरी व प्रो0 रचना मुज्जु के सम्बन्ध में दिनांक 12.04.2017 की सम्पन्न कार्य परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय को मा0 कुलाधिपति महोदय द्वारा प्रो0 वैशम्पायन के प्रार्थना पत्र पर निर्णय लिये जाने तक स्थगित किये जाने के आदेश को संज्ञान में लिया और अपेक्षित कार्यवाही स्थगित की।

मद संख्या 06–लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में कार्यरत डॉ0 रजनीश कुमार वर्मा, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा प्रस्तुत त्याग–पत्र



Scanned by CamScanner

दिनांक 19.07.2017 के आलोक में मा0 कुलपति महोदय द्वारा दिनांक 26.07.2017 अपरान्ह से कार्यमुक्त किए जाने सम्बन्धी आदेश पर सदस्यों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

<u>मद संख्या 07</u> – लखनऊ विश्वविद्यालय में निर्माण विभाग में वायरमैन (विद्युत) के पद पर कार्यरत स्व0 आदित्य नारायण, की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र श्री सुमित कुमार द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 26.12.2016 के क्रम में श्री सुमित कुमार पुत्र स्व0 आदित्य नारायण को मृतक आश्रित सेवा नियमावली–1974 के अन्तर्गत निर्माण विभाग में रिक्त गैस मेट के पद पर कार्य–भार ग्रहण करने की तिथि से वेतन बैण्ड रू0 5200–20200 ग्रेड–पे रू0 1800/– अनुमन्य अन्य भत्तों के साथ मा0 कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन किये जाने के उपरान्त सम्बन्धित नियुक्ति पत्र पर मा0 सदस्यों द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

<u>मद संख्या 08</u> – दि हिमालयन महाविद्यालय, सरैंया, बक्शी का तालाब, लखनऊ को निरीक्षण मण्डल की आख्या की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम की अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>मद संख्या 09</u> – इरम गर्ल्स डिग्री कालेज, इन्दिरा नगर लखनऊ में एम0कॉम0 वाणिज्य पाठ्यक्रम में निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>मद संख्या 10</u> – इरम गर्ल्स डिग्री कालेज, इन्दिरा नगर लखनऊ में एम0कॉम0 एप्लाइड इकोनामिक्स पाठ्यक्रम में निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>मद संख्या 11</u> – जी0एस0आर0एम0 मेमोरियल पी0जी0 कालेज, लखनऊ में बी0एल0एड0 इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।



Scanned by CamScanner

**मद संख्या 12** – श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरी रुखारा, बक्शी का तालाब लखनऊ में बी0एल0एड0 पाठ्यक्रम में निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 13** – पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ में पूर्व संचालित बी0ए0, बी0एस0सी0 एंव बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों की अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 हेतु विस्तारित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 14** – रजत डिग्री कॉलेज, कमता, फैजाबाद रोड, लखनऊ में एम0कॉम0 (एप्लाइड इकोनॉमिक्स) पाठ्यक्रम को निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 15** – श्री जय नारायण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में एम0एस0सी0 (वनस्पति विज्ञान) पाठ्यक्रम को निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में 30 सीटों को अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 16** – डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज, लखनऊ में बी0ए0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम को निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में स्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 17** – एल0एन0 एकेडमी, लखनऊ में बी0ए0, बी0बी0ए0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम को महाविद्यालय के प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में सत्र 2017–18 हेतु अस्थायी सहयुक्तता का विस्तारण इस शर्त के साथ कि दिसम्बर 2017 से पूर्व सभी कमियों को पूर्ण कर विश्वविद्यालय से स्थाई सहयुक्तता प्राप्त करेंगे पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 18** – श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन महाविद्यालय, गोमतीनगर, लखनऊ में बी0एल0एड0 पाठ्यक्रम को निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017--18 से प्रदान किये



Scanned by CamScanner

जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 19** – महामाया राजकीय महाविद्यालय, लखनऊ में बी0कॉम0 पाठ्यक्रम को निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 20** – सी0डी0 गर्ल्स डिग्री कॉलेज, गोविन्द विहार, चिनहट, लखनऊ में बी0एल0एड0 पाठ्यक्रम को निरीक्षण मण्डल की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में अस्थायी सहयुक्तता सत्र 2017–18 से प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 21** – अध्यक्ष, कार्य परिषद ने डॉ0 ए0एस0 वैश्य, एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ के प्रकरण पर मा0 सदस्यों को अवगत कराया कि यह प्रकरण उस समय का है जब वे स्वयं उस महाविद्यालय के प्राचार्य थे। तत्समय डॉ0 वैश्य के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु जॉच गठित की गई थी, जॉच आख्या के आधार पर डॉ0 वैश्य के विरूद्व महाविद्यालय की गवर्निंग बाडी द्वारा लघुदण्ड दिये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस बैठक में मैं स्वयं सदस्य/सचिव था तथा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो0 यू0एन0 द्विवेदी विश्वविद्यालय द्वारा नामित मा0 सदस्य के रूप में उपस्थित थे। इसलिए व्यापक न्यायहित में इस प्रकरण पर कुलपति के रूप में मैंने निर्णय नहीं लिया। विश्वविद्यालय स्तर पर प्रकरण के परीक्षण हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित की गयी जिसकी संस्तुति को विश्वविद्यालय की सर्वोच्च संस्था के समक्ष निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया है। डॉ0 वैश्य द्वारा अपने पत्र दिनांक 06.07.2017 में भी कुलपति के अतिरिक्त उच्च संस्था/अधिकारी से प्रकरण के निस्तारण हेतु अनुरोध किया गया है।

अतएव इस बिन्दु पर चर्चा/निर्णय के समय उनका स्वयं और प्रो0 यू0एन0 द्विवेदी का उपस्थित रहना उचित नहीं होगा, ऐसा सूचित करते हुए वे दोनो लोग बैठक से बाहर चले गये। अध्यक्ष महोदय एवं प्रतिकुलपति के बैठक से जाने के उपरान्त कार्य परिषद के मा0 सदस्यों ने प्रो0 आभा अवस्थी को बैठक की कार्यवाही जारी रखने के लिए अध्यक्ष चुना और उनकी अध्यक्षता



Scanned by CamScanner

में महाविद्यालय की गवर्निंग बाडी द्वारा डॉ0 वैश्य के विरूद्ध जॉच अधिकारी द्वारा दी गयी आख्या को स्वीकार करते हुए फलस्वरूप डॉ0 वैश्य को दोषी मानते हुए पारित लघु दण्ड के प्रस्ताव एवं इसके परीक्षण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की उभय पक्षों की सुनवाई के उपरान्त प्रस्तुत विस्तृत आख्या के समस्त बिन्दुओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। विचारोपरान्त सर्वसम्मति से महाविद्यालय की गवर्निंग बाडी द्वारा उनकी बैठक दिनांक 21.05.2016 एवं 10.09.2016 में डॉ0 वैश्य के विरूद्ध पारित लघु दण्ड प्रस्ताव तथा इस विषय में विश्वविद्यालय स्तर पर गठित तीन सदस्यीय समति की दिनांक 17.07.2017 की संस्तुति पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>मद संख्या 22</u> – मद संख्या 21 की चर्चा/निर्णय के उपरान्त अध्यक्ष कार्य परिषद एवं प्रति कुलपति जी ने पुनः वापस आकर कार्यवाही में प्रतिभाग किया।

मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त विनियमितीकरण आदेश संख्या पी0 32099–33199 दिनांक 20.04.2017 द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यालयों/विभागों में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर कुल 127 कर्मचारियों के विनियमितीकरण हेतु निर्गत सूची/आदेश एवं समिति द्वारा दिनांक 31.12.2001 तक कार्यरत अवशेष 129 कर्मचारियों के विनियमितीकरण हेतु शासन द्वारा निर्गत नियमावली के अनुसार शासन द्वारा अधिसंख्य पदों के सृजन हेतु अनुरोध किये जाने एवं विनियमितीकरण सूची/आदेश संख्या पी0 32099–33199 दिनांक 20.04.2017 पर मा0 कार्य परिषद द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति/अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>मद संख्या 23</u> – कार्यालय आदेश संख्या पी–44278–85 दिनांक 08.08.2017 के क्रम में दिनांक 05.11.2002 से अद्यतन कार्यालय से अनुपस्थित रहने, अनुपस्थिति की अवधि में अपराधिक मामलों में संलिप्त रहने, कार्यालय द्वारा निर्गत नोटिसों एवं दैनिक समाचार पत्रों में अनुपस्थिति के सम्बन्ध में प्रकाशित नोटिस/सूचना के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा गठित जांच समिति के आधार पर पुनः स्पष्टीकरण हेतु दिये गये अन्तिम अवसर का पालन न किये जाने आदि सम्पूर्ण तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण प्रकरण पर सम्यक विचारोपरान्त मा0 कुलपति महोदय के आदेश दिनांक



Scanned by CamScanner

01.08.2017 के क्रम में श्री अनुपम चन्द्रा तृतीय श्रेणी कर्मचारी, वाणिज्य संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की सेवाएं (अनुपस्थित अवधि दिनांक 15.11.2002 से लगभग 15 वर्ष) समाप्त किये जाने सम्बन्धी प्रकरण पर मा0 कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से श्री अनुपम चन्द्रा, वरिष्ठ सहायक, वाणिज्य संकाय, की सेवा लखनऊ विश्वविद्यालय से समाप्त किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>मद संख्या 24</u> – लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के शैक्षिक पदों (संविदा) का विज्ञापन नोटिस संख्या 01/एफओई/2017 दिनांक 09.06.2017 द्वारा किये जाने के उपरान्त दिनांक 03 एवं 04 अगस्त 2017 को सम्पन्न विभिन्न चयन समितियों की संस्तुति पर निम्नलिखित शिक्षकों की नियुक्ति पर विचार कर शैक्षिक सत्र 2017–18 के लिए संविदा के आधार पर अनुमोदन प्रदान किया गया :–

**Asst. Professor (Contractual Basis) 01 पद विज्ञापन संख्या 01/एफ0ओ0ई0/2017 Mechanical Engineering**

परिषद द्वारा उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 03.08.2017 को यथावत स्वीकार किया गया जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधिमानी क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया:–

(अ) श्री अनिमेश कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ, (चयनित)
(ब) श्री तनुज श्रीवास्तव, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)
(स) श्री दिव्या त्रिपाठी, गोरखपुर, (प्रतीक्षारत)

**Asst. Professor (Contractual Basis) 01 पद विज्ञापन संख्या 01/एफ0ओ0ई0/2017 Engineering Graphics**

परिषद द्वारा उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 03.08.2017 को यथावत स्वीकार किया गया जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधिमानी क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया:–

(अ) श्री कमलेश तिवारी, (चयनित)
(ब) श्री प्रीतेष सक्सेना, (प्रतीक्षारत)
(स) सुश्री वैशाली राजभर, (प्रतीक्षारत)

**Asst. Professor (Contractual Basis) 01 पद विज्ञापन संख्या 01/एफ0ओ0ई0/2017 Computer Science & Engineering**



Scanned by CamScanner

परिषद द्वारा उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 03.08.2017 को यथावत स्वीकार किया गया जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधिमानी क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गयाः—

(अ) श्री ज़ीशान अली सिद्दीकी, लखनऊ, (चयनित)
(ब) सुश्री निहारिका श्रीवास्तव, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)

**Asst. Professor (Contractual Basis) 02 पद विज्ञापन संख्या 01/एफ0ओ0ई0/2017 Electrical Engineering**

परिषद द्वारा उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 03.08.2017 को यथावत स्वीकार किया गया जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधिमानी क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गयाः—

(अ) सुश्री अनुभा सिंह, लखनऊ, (चयनित)
(ब) श्री शैलेन्द्र कुमार भास्कर, लखनऊ, (चयनित)
(स) श्री आस्तिवा कुमार, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)
(द) सुश्री विजय लक्ष्मी मिश्रा, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)
(ध) श्री पंकज गुप्ता, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)

**Asst. Professor (Contractual Basis) 02 पद विज्ञापन संख्या 01/एफ0ओ0ई0/2017 Physics, Faculty of Engineering**

परिषद द्वारा उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 04.08.2017 को यथावत स्वीकार किया गया जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधिमानी क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गयाः—

(अ) डॉ0 अनुपम कुमार त्रिपाठी, लखनऊ, (चयनित)
(ब) डॉ0 सुजीत कुमार अग्रवाल, लखनऊ, (चयनित)
(स) डॉ0 सर्बप्रीत सिंह, सुल्तानपुर, (प्रतीक्षारत)
(द) डॉ0 शिव कुमार मिश्रा, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)

**Asst. Professor (Contractual Basis) 02 पद विज्ञापन संख्या 01/एफ0ओ0ई0/2017 Chemistry, Faculty of Engineering**

परिषद द्वारा उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 04.08.2017 को यथावत स्वीकार किया गया जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधिमानी क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गयाः—

(अ) डॉ0 शशि बाला, लखनऊ, (चयनित)
(ब) डॉ0 रणविजय प्रताप सिंह, लखनऊ, (चयनित)
(स) डॉ0 नृपेन्द्र सिंह, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)
(द) डॉ0 चन्द्र मोहन त्रिपाठी, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)



Scanned by CamScanner

**Asst. Professor (Contractual Basis) 02 पद विज्ञापन संख्या 01/एफ0ओ0ई0/2017 Mathematics, Faculty of Engineering**

परिषद द्वारा उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 04.08.2017 को यथावत स्वीकार किया गया जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधिमानी क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गयाः–

(अ) डॉ0 दीपक गुप्ता, झाँसी, (चयनित)
(ब) डॉ0 रचना पाठक, लखनऊ, (चयनित)
(स) डॉ0 विमलेश कुमार गुप्ता, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)
(द) डॉ0 अजय कुमार शुक्ला, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)
(ध) डॉ0 नेहा माथुर, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)

**Asst. Professor (Contractual Basis) 02 पद विज्ञापन संख्या 01/एफ0ओ0ई0/2017 Professional Communication, Faculty of Engineering**

परिषद द्वारा उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 04.08.2017 को यथावत स्वीकार किया गया जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधिमानी क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गयाः–

(अ) डॉ0 सव्य सांची, लखनऊ, (चयनित)
(ब) डॉ0 पारूल सिंह, लखनऊ, (चयनित)
(स) डॉ0 श्रुति सिंह, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)
(द) डॉ0 अर्चना गुप्ता, कानपुर, (प्रतीक्षारत)

**Asst. Professor (Contractual Basis) 01 पद विज्ञापन संख्या 01/एफ0ओ0ई0/2017 Electronic Engineering**

परिषद द्वारा उपर्युक्त पद हेतु चयन समिति की संस्तुति दिनांक 03.08.2017 को यथावत स्वीकार किया गया जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधिमानी क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गयाः–

(अ) डॉ0 सिद्वार्थ सिंह, जौनपुर, (चयनित)
(ब) सुश्री मोनिका सिंह, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)
(स) सुश्री राशि महरोत्रा, लखनऊ, (प्रतीक्षारत)

**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रस्तुत किये जाने वाले अन्य मद एवं तत्समय प्रस्तुत मदों के कार्यवृत्ति**

**मद सं0 01** सर्वप्रथम डा0 अमरजीत यादव के प्रकरण पर कार्य परिषद सदस्या प्रो0 आभा अवस्थी द्वारा प्रवक्ता कोर फैकेल्टी पदनाम पर अपनी घोर आपत्ति दर्ज करायी गयी। तत्पश्चात प्रकरण पर समिति के सुझावों को संज्ञान में लेते हुए कार्य परिषद द्वारा



Scanned by CamScanner

गठित तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चोपरान्त परिषद द्वारा उक्त पद का पुर्नविज्ञापन करने एवं चयन प्रक्रिया के सम्पन्न होने तक डा0 अमरजीत यादव को रू0 25000/– प्रतिमाह नियत वेतन प्रदान किये जाने पर कार्य परिषद द्वारा अनुमोदिन प्रदान किया गया।

<u>मद सं0 02</u> सिटी एकेडमी डिग्री कालेज, चिनहट, लखनऊ में स्ववित्तपोषित योजनार्न्तगत बी0बी0ए0 एवं बी0जे0एम0सी0 पाठ्यक्रमों की अस्थायी सहयुक्तता निरीक्षण मण्डल की संस्तुति एवं सत्यापन आख्या की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में सत्र 2017–18 से प्रदान किये पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>मद सं0 03</u> परिषद द्वारा महाराण प्रताप कालेज ऑफ मैनेजमेण्ट एण्ड कामर्स लखनऊ में स्ववित्तपोषित योजनार्न्तगत बी0काम0 पाठ्यक्रम की अस्थायी सहयुक्तता निरीक्षण मण्डल की आख्या की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में सत्र 2017–18 से प्रदान किये पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>मद सं0 04</u> लखनऊ क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ में बी0ए0/बी0एस–सी0 कम्प्यूटर एप्लीकेशंस विषय के स्थान पर बी0एस0सी0–कम्प्यूटर विज्ञान विषय के संचालन हेतु सत्र 2017–18 से अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>मद सं0 05</u> मेट्रो अधिकारियों एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हुई बैठक में बनी सहमति के आधार पर विश्वविद्यालय के गेट नम्बर 04 पर मेट्रो स्टेशन हेतु प्रस्तावित जमीन 460 वर्ग मीटर स्थायी एवं 700 वर्ग मीटर अस्थायी निर्माण हेतु मॉग की गयी विश्वविद्यालय की जमीन का मुआवजा शासकीय दरों पर देने की सहमति भी दी गई है एवं गेट नम्बर 04 से गेट नम्बर 02 तक की पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ, सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित किये जाने, छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग जन सुविधा, डाकघर तथा रेलवे/वायुयान रिजर्वेशन के निर्माण की सहमति मेट्रो अधिकारियों द्वारा दी जा चुकी है जिस पर परिषद के समस्त सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

<u>मद सं0 06</u> परिषद द्वारा सभागार, सभागार लान एवं क्रीड़ागन का आवंटन निम्न निर्धारित दरों पर किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया:–



Scanned by CamScanner

| क्रम संख्या | सभागार / स्थल का नाम | विश्वविद्यालय के शिक्षकों / छात्रों / कर्मचारियों हेतु निर्धारित शुल्क रूपया प्रतिदिन | वाह्य व्यक्तियों / संस्थानों के लिये निर्धारित शुल्क रूपया प्रतिदिन |
|---|---|---|---|
| 1. | मालवीय सभागार | 5000 / — | 30000 / — |
| 2. | ए0पी0सेन हाल | 2500 / — | 10000 / — |
| 3. | प्रो0 हरिकृष्ण अवस्थी सभागर | 3000 / — | 10000 / — |
| 4. | मालवीय सभागार लान | 3000 / — | 10000 / — |
| 5. | कला संकाय प्रागंण | 7500 / — | 15000 / — |
| 6. | टैगोर पुस्तकालय लान | 5000 / — | 10000 / — |
| 7. | छत्रपति शिवाजी क्रीड़ागन | 25000 / — | 40000 / — |
| 8. | फिल्माकन हेतु मालवीय सभागार का शुल्क | ———————— | 50000 / — |
| 9. | फिल्मांकन हेतु विश्वविद्यालय परिसर का शुल्क | ———————— | 100000 / — |
| 10. | कल्याण मण्डप के समीप मछली द्वारा लॉन का शुल्क | 8000 / — | 35000 / — |
| 11. | डी0पी0ए0 हाल का शुल्क | 2500 / — | 5000 / — |
| 12. | जे0के0 हाल का शुल्क | 500 / — | 2000 / — |

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने समस्त मा0 सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा की समाप्ति की घोषणा की।

7/8/2017
प्रो0 आर0के0सिंह
कुलसचिव / सचिव

प्रो0 एस0पी0सिंह
कुलपति / अध्यक्ष



Scanned by CamScanner